# भारत की बुनियादी ढाँचे के विकास की यात्रा

## प्रिलिम्स के लिये:

[बुनियादी ढाँचा](), [GPS](), [गैलेथिया खाड़ी](), [भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा](), [सागरमाला](), [नमो भारत ट्रेन](), [RRTS कॉरिडोर](), [पर्वतमाला कार्यक्रम](), [यूक्रेन](), [गाज़ा](), [दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे](), [PM गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान](), [डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर](), [कवच](), [वैकल्पिक ईंधन](), [ग्रीन बिल्डिंग](), [PLI]()।

## मेन्स के लिये:

भारत के बुनियादी ढाँचे के विकास के लिये उपलब्धियाँ, चुनौतियाँ और आगे की राह।

[स्रोत: बिज़नेस स्टैंडर्ड]()


## चर्चा में क्यों?

**पिछले 25 वर्षों में** बढ़ती प्रगति और निजी भागीदारी के साथ **भारत का बुनियादी ढाँचा** बदल गया है। हालाँकि **चुनौतियाँ** बनी हुई हैं क्योंकि **वर्ष 2047 तक 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर** की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य तक पहुँचने के लिये **आवश्यक बुनियादी ढाँचे का 90% निर्माण** अभी भी किया जाना है।


## वर्ष 2024 तक बुनियादी ढाँचा क्षेत्र में भारत की उपलब्धियाँ क्या हैं?

- **सड़कें और राजमार्ग: वर्ष 2000 के बाद** से सड़क नेटवर्क लगभग **तीन गुना बढ़कर 146,000 किमी.** हो गया है, जिसमें आधुनिक प्रवेश-नियंत्रित एक्सप्रेसवे और [GPS-आधारित टोल प्रणाली]() शामिल हैं।
  - वर्ष 2014 के बाद से, सरकार ने **3.74 लाख किमी. ग्रामीण सड़कें** बनाई हैं, जिससे **99% से अधिक ग्रामीण बस्तियों को जोड़ा गया है** और पहुँच में सुधार हुआ है।
  - 25 वर्षों में टोल संग्रह **2.1 ट्रिलियन** रुपए तक पहुँच गया, जो निजी क्षेत्र की मज़बूत भागीदारी को दर्शाता है।

[//]()




- **रेलवे:** भारत की पहली **बुलेट ट्रेन परियोजना,** जिसमें **280 किमी./घंटा** की गति से चलने की क्षमता होगी, **वर्ष 2026** तक पूरी हो जाएगी।
  - दिसंबर 2023 तक, **93.83%** [ब्रॉड -गेज ट्रैक](#) **(जिसे बड़ी लाइन कहा जाता है और दो पटरियों के बीच की दूरी 5 फीट 6 इंच है)** का विद्युतीकरण हो चुका है, जो वर्ष 2014 में 21,801 किमी. से अधिक था।
  - कंचनजंगा एक्सप्रेस दुर्घटना जैसी कई हाई-प्रोफाइल घटनाओं के बावजूद पिछले दशक में **दुर्घटनाओं में कमी** आई है।
- **समुद्री क्षेत्र:** भारत **वर्ष 2047 तक शीर्ष पाँच जहाज़ निर्माण राष्ट्र** बनने के लिये **54 ट्रिलियन रुपए** का निवेश करने की योजना बना रहा है।
  - व्यापारिक संपर्क को बढ़ावा देने के लिये **गैलेथिया खाड़ी** और **भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे** जैसे बड़े बंदरगाहों का विकास किया जा रहा है।
  - सरकार ने **5.8 लाख करोड़ रुपए** के निवेश से **बंदरगाह आधुनिकीकरण और तटीय संपर्क** सहित 839 **सागरमाला परियोजनाएँ** शुरू की हैं।
- **विमानन:** साप्ताहिक घरेलू उड़ानें **वर्ष 2000 में 3,568 से बढ़कर वर्ष 2024 में 22,484** हो गई।
  - **इंडिगो** जैसी कम लागत वाली विमान सेवा कंपनियाँ बाज़ार पर हावी हैं, जिससे लाखों लोगों के लिये हवाई यात्रा सुलभ हो गई है।
  - एयर इंडिया और इंडिगो से **1,000 से अधिक विमानों के ऑर्डर** दीर्घकालिक वृद्धि का संकेत देते हैं।
  - **वर्ष 2014 और वर्ष 2024** के बीच **84 हवाई अड्डों के निर्माण** के साथ **परिचालन हवाई अड्डों की कुल संख्या 158** है।




- **शहरी मेट्रो:** मेट्रो नेटवर्क **वर्ष 2014 में 248 किमी. से बढ़कर वर्ष 2024 तक 945 किमी.** हो गया है, जो **21 शहरों** और **1 करोड़ दैनिक यात्रियों** को सेवा प्रदान करता है।
  - दिल्ली-मेरठ RRTS कॉरिडोर पर नमो भारत ट्रेन क्षेत्रीय संपर्क और शहरी परिवहन को बढ़ाती है।
- **रोपवे विकास:** पर्वतमाला कार्यक्रम के तहत **32 रोपवे परियोजनाएँ** शुरू की गई हैं, जिससे दुर्गम इलाकों में कनेक्टिविटी बढ़ी है और शहरी भीड़भाड़ कम हुई है।

**नोट:** विश्व बैंक के **लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक (LPI) 2023 में** भारत **38 वें स्थान** पर है

## भारत के बुनियादी ढाँचा क्षेत्र के समक्ष चुनौतियाँ क्या हैं?

- **रुकी हुई और विलंबित परियोजनाएँ: 10 ट्रिलियन रुपए की भारतमाला परियोजना** को लालफीताशाही के कारण स्थगित कर दिया गया, जबकि **20 ट्रिलियन रुपए की** विज़न 2047 योजना **को** नीतिगत बदलाव के बाद **स्थगित** कर दिया गया है।
  - वित्तीय बाधाएँ और **संसाधनों का कम उपयोग** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे तथा भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे जैसी बड़े पैमाने की परियोजनाओं में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।
  - भारत को **वर्ष 2047 तक 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर** की अर्थव्यवस्था बनने के लिये महत्त्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता है, **जबकि 90% बुनियादी ढाँचे का निर्माण** अभी भी किया जाना है।
- **धीमी प्रगति:** रेलवे मार्ग का विस्तार धीमा रहा है, वर्ष 2000 से अब तक औसतन **प्रतिवर्ष केवल 231** किमी. नई पटरियाँ जोड़ी गई हैं, जो प्रतिदिन एक किलोमीटर से भी कम है।
  - राजमार्ग परियोजना **अनुबंधों में तीव्र गिरावट आई** है, जो अगस्त 2024 तक 1,152 किमी. के ऐतिहासिक निम्नतम स्तर पर पहुँच गई है।
- **निजी क्षेत्र पर निर्भरता:** यद्यपि निजी क्षेत्र की भागीदारी में वृद्धि हुई है, फिर भी परियोजनाओं के लिये **पूंजी का पुनर्चक्रण** एक चुनौती बनी हुई है।
  - टोल संग्रह ने **समानता संबंधी** चिंताएँ उत्पन्न कर दी हैं, क्योंकि वर्ष 2000 से अब तक एकत्रित **2.1 ट्रिलियन रुपए में से निजी निगमों** को 1.4 ट्रिलियन रुपए ही प्राप्त हुआ हैं।
  - **पूंजी का पुनर्चक्रण गैर-प्रमुख या कम प्रदर्शन करने वाली परिसंपत्तियों को बेचने** और अधिक लाभदायक अवसरों में **पुनर्निवेश करने** की रणनीति है।
- **समुद्री व्यवधान:** समुद्री क्षेत्र वर्ष 2047 तक शीर्ष 5 जहाज़ निर्माण राष्ट्र बनने के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिये संघर्ष कर रहा है, **यूक्रेन और गाज़ा युद्धों तथा वैश्विक आपूर्ति शृंखला** के पतन से इसमें बाधा आ रही है।
- **विमानन क्षेत्र से संबंधित बाधाएँ:** तीव्र प्रतिस्पर्द्धा के कारण **जेट एयरवेज**, **किंगफिशर एयरलाइंस** और **गो फर्स्ट** सहित कई एयरलाइनें **दिवालिया** हो गई हैं।
  - **इंडिगो और निजीकृत एयर इंडिया** के बीच बाज़ार एकीकरण से प्रतिस्पर्द्धा सीमित हो जाती है और **एकाधिकारवादी प्रवृत्तियों का खतरा उत्पन्न हो जाता है।**

## बुनियादी ढाँचे के विकास के लिये सरकार की पहल क्या हैं?

- पीएम गतिशक्ति योजना
- भारतमाला योजना
- राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (NIP)
- सागरमाला परियोजना
- उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान)

## आगे की राह:

- एकीकृत अवसंरचना: **यह सुनिश्चित करके कि अवसंरचना विकास एक-दूसरे के पूरक हैं,** पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान **देरी और दोहराव को कम करता है, जबकि उच्च गतिसंचार को बढ़ाता है।**
- **एक्सप्रेसवे, हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, समर्पित वस्तु ढुलाई कॉरिडोर,** उन्नत हवाई अड्डे और **मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क** जैसे उच्च गति परिवहन नेटवर्क व्यापार एवं आपूर्ति शृंखला के प्रदर्शन को बढ़ावा देते हैं।
- **सुरक्षित एवं लचीला बुनियादी ढाँचा: रेलवे के लिये** कवच और **उन्नत यातायात प्रबंधन प्रणाली** जैसी सरकार की पहलों का उद्देश्य दुर्घटनाओं को कम करना एवं सुरक्षा में सुधार करना है।
- वाहनों में **उन्नत चालक सहायता प्रणाली (ADAS)** जैसी प्रौद्योगिकियों को अपनाने तथा **सुरक्षित बुनियादी ढाँचे के निर्माण से** नागरिकों की सुरक्षा बढ़ेगी एवं मृत्यु दर में कमी आएगी।
- **हरित प्रौद्योगिकियों को शामिल करना: सार्वजनिक परिवहन में इलेक्ट्रिक वाहनों** और **वैकल्पिक ईंधनों** की ओर बदलाव से परिवहन क्षेत्र के कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी तथा **FAME-II** एवं **PLI** जैसी योजनाएँ इस बदलाव को गति देंगी।
- हरित भवन, जल संरक्षण, **अपशिष्ट प्रबंधन और नवीकरणीय ऊर्जा** पर ध्यान केंद्रित करने से भविष्य की बुनियादी संरचना सतत् एवं जलवायु-अनुकूल बनेगी।
- **तकनीकी एकीकरण: सुगम टोल भुगतान के लिये फास्टैग** और हवाईअड्डे पर आसान चेक-इन के लिये **डिजीयात्रा ऐप** जैसी प्रौद्योगिकी का उपयोग सुविधा में वृद्धि कर यात्रा का समय बचाता है।
- **नीति और विनियामक सुधार: भारत** को बुनियादी ढाँचे के लक्ष्यों को पूरा करने के लिये विशेष रूप से बंदरगाहों, रेलवे और विमानन में **निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने** के लिये विनियामक सुधार एवं एक स्पष्ट नीति ढाँचे को आगे बढ़ाना चाहिये।
- सरकार, **निजी क्षेत्र और स्थानीय समुदायों** को आवश्यक नीतियों तथा निवेशों सहित **बहु-वर्षीय राष्ट्रीय परिवहन रणनीति** विकसित करने के लिये सहयोग करना चाहिये।

***??????? ????? ???????? ???????:***

**प्रश्न:** भारत के बुनियादी ढाँचा क्षेत्र की उपलब्धियों और चुनौतियों का विश्लेषण कीजिये तथा इसके भविष्य के विकास के लिये उपाय सुझाइये।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. भारत में 'पब्लिक की इंफ्रास्ट्रक्चर' पदबंध किसके प्रसंग में प्रयुक्त किया जाता है? (2020)**

(a) डिजिटल सुरक्षा अवसंरचना
(b) खाद्य सुरक्षा अवसंरचना
(c) स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा अवसंरचना
(d) दूरसंचार और परिवहन अवसंरचना

**व्याख्या: (a)**

**प्रश्न: 'राष्ट्रीय निवेश और बुनियादी ढाँचा कोष' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं? (2017)**

1. यह नीति आयोग का अंग है।
2. वर्तमान में इसके पास 4,00,000 करोड़ रुपए का कोष है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (d)**

**??????:**

**प्रश्न1.** “अधिक तीव्र और समावेशी आर्थिक विकास के लिये बुनियादी ढाँचे में निवेश आवश्यक है।” भारत के अनुभव के आलोक में चर्चा कीजिये। **(2021)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-s-journey-of-infrastructure-development